तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 5 अप्रैल 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 सूने घर में तड़पती मिली नवजात



## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए बाइक सवार युवक की ऑपरेशन के कुछ समय बाद मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम चलनी निवासी रैनू लकड़ा आ. जयराम लकड़ा (30 वर्ष) एक सप्ताह पूर्व अपने ससुराल ग्राम बादा शंकरगढ़ गया था। 2 अप्रैल को रैनू गांव के ही वीरेन्द्र व अनोज के साथ ग्राम डीपाडीह से वापस बादा आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में शाम 7 बजे बोलेरो क्रमांक सीजी 10 एफ 1090 का चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने रैनू लकड़ा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां 3अप्रैल को चिकित्सकों ने युवक के पेट का ऑपरेशन किया जिसके कुछ समय बाद युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। परिजन के मुताबिक युवक का मौत सड़क दुर्घटना के कारण बताया है।

### पत्नी व बेटी से विवाद करने के बाद ग्रामीण ने लगा लिया फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम बलसेढ़ी निवासी धनेश्वर आ. अम्बिका प्रसाद (40 वर्ष) शुक्रवार को शराब के नशे में धुत हो कर घर आया और पत्नी व बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। घर में हल्ला गुल्ला सुन पिता अम्बिका प्रसाद आया और बेटा को शांत रहने की बात कहकर अपने घर चला गया। इधर पत्नी और बेटी भी बोरवेल में स्नान करने चली गई। स्नान करने के बाद दोनों घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। धनेश्वर फांसी में लटका हुआ था। पत्नी ने किसी तरह फांसी से उतारी वहीं बेटी लक्ष्मी ने घटना की जानकारी दादा को दी। परिजन धनेश्वर को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चावल में कीटनाशक मिलाकर कनहर में डालते तीन धराए

रामानुजगंज। कहनर नदी में जहरीला पदार्थ डालने वालों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चारा में कीटनाशक डालकर नदी में डालते पकड़े गए। बता दें कि शुक्रवार को कनहर नदी में जहरीला पदार्थ डालने से मछलियों की मौत का सामने आया था। जिस पानी की सप्लाई नगर में की जाती है उसमे जहर के कारण मछलियों के मौत की सूचना से हड़कंप मच गया था। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। गर्मी में नदी का जल स्तर कम होने पर कीटनाशक डालकर मछली मारने की शिकायतें भी लगातार मिल रही थी। इस बीच 4 अप्रैल की शाम तीन लोगों द्वारा कहनर एनीकट में कीटनाशक मिलाकर चावल डाला जा रहा था। जब एनीकट की निगरानी में लगे कर्मचारी ने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी विवाद और मारपीट पर उतारू हो गए। ऐसे में इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में पुरानडीह निवासी 22 वर्षीय रवि राम आ. जोखन राम, 42 वर्षीय महावीर राम आ. जोखन राम व 33 वर्षीय जमुना राम आ. गिरधारी राम को बीएनएस की धारा 170, 126, 135 (3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जंगल में महुआ बीनने गई किशोरी को हाथी ने उठाकर पटका, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जंगल में मौजूद हाथियों के दल ने एक किशोरी को मौत के घाट उतार दिया। किशोरी जंगल में महुआ बिनने गई हुई थी, इसी दौरान उसका 22 हाथियों के दल से सामना हो गया। दाल में मौजूद हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा बच्ची की लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी जा रही है।

बता दे की बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत चिनिया क्षेत्र में 22 हाथियों का दल मौजूद है, झारखंड की ओर से पहुंचा यह दल काफी आक्रामक है और पिछले 3-4 दिनों से महावीरगंज, चिनिया, सहित 5-6 अन्य गावों के आसपास विचरण कर रहा है। वन विभाग द्वारा हाथियों के मौजूदगी को देखते हुए लोगों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी गई थी लेकिन सूचना के बाद भी शनिवार की सुबह एक बच्ची जंगल में महुआ बिनने चली गई थी, बताया जा रहा है कि जंगल में महुआ बिनते समय 14 वर्षीया बच्ची का सामना हाथियों के दल से हो गया। दल में शामिल हाथियों ने बच्ची को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। मृतिका की पहचान ग्राम बरदरिया निवासी 14 वर्षीया पिंकी कुमारी आ. बंबईया के रूप में की गई है। मृतिका पिंकी कुमारी घूमने के लिए अपने रिश्तेदार के घर ग्राम चिनिया आई हुई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि बच्ची को हाथी के मौजूदगी की जानकारी नहीं थी और वह जंगल में महुआ बिनने के लिए चली गई। भाग कर जान बचाने वाले व्यक्ति ने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे इसके साथ ही वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। वन विभाग में बच्ची की लाश को बरामद करने के साथ ही उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पीएम उपरांत बच्ची की लाश को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही वन विभाग की ओर से मृतका के परिजन को 25 हजार की सहायता राशि प्रदान की गई है।

### झारखंड से आया है 22 हाथियों का दल, चिनिया क्षेत्र में हुई घटना, ग्रामीणों में दहशत का माहौल



#### लोगों को दे रहे है समझाइश

22 हाथियों का दल झारखंड की ओर से आया हुआ है। हाथी चिनिया क्षेत्र में मौजूद है और आस पास के 5-6 प्रभावित गावों में लोगों को समझाइश देने के साथ ही वन विभाग की टीम लगातार हाथियों के मूवमेंट पर नजर रख रही है। बच्ची जंगल में महुआ बिनने गई हुई थी और उसका हाथियों से सामना हो गया। मृतिका के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है। हमारी टीम लगातार लोगों को सतर्क करने का काम कर रही है।

-आलोक कुमार वाजपेयी, डीएफओ

### झारखंड में ले चुका है दो की जान

बताया जा रहा है कि रामचंद्रपुर क्षेत्र में बालिका को मौत के घाट उतारने वाला हाथियों का दल काफी आक्रामक है। इसी दल ने झारखण्ड में भी दो लोगों की जान ली है और अब यह दल पिछले तीन चार दिनों से क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। हाथियों के मौजूदगी और अब एक की मौत के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। वन विभाग का दावा है कि उनकी टीम लगातार हाथियों के दल पर नजर रख रही है और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर भेजने के साथ ही जंगल में नहीं जाने की सलाह दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जंगल क्षेत्रों में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### डीजीपी ने कहा-युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से निकालने सामूहिक प्रयास की जरूरत

# छत्तीसगढ़ की सीमा में नहीं घूम रहा एक भी हथियारबंद नक्सली : अरुण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- प्रदेश के डीजीपी ने ली रेंज स्तरीय बैठक, कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम ने कहा है कि प्रदेश में इक्के दुक्के छिपे हुए नक्सलियों को छोड़ दें तो एक भी शस्त्र धारी नक्सली सीमा में घूम नही रहा है। प्रदेश में अफीम की खेती पर भी उन्होंने स्थिति स्पस्ट करने की कोशिश की और स्पष्ट किया है कि पुलिस अपनी ओर से यह प्रयास कर रही है कि दूसरे राज्यों से आकर लोग भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों की जमीन को धोखे से किराए पर लेकर उसमें गांजा, अफीम की खेती नहीं कर सके।

डीजीपी श्री गौतम शनिवार को पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। शुक्रवार की देर शाम सरगुजा प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम ने शनिवार को आईजी दीपक झा के साथ रेंज के पुलिस अधीक्षकों और राज पत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। प्रदेश के साथ ही बलरामपुर जिले में अफीम की खेती को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्थान, बिहार और झारखंड के कुछ गिने चुने लोगों ने कुछ इलाके में खेतों को लीज पर लेकर अफीम की खेती का प्रयास किया है और कुछ स्थानों पर उसके कमर्शियल यूज के सबूत भी मिले है। अब हम लोग सतर्क है कि झारखण्ड या किसी दूसरे प्रदेश से आकर लोग भोले भाले आदिवासियों को झांसे में लेकर अफीम की खेती ना कर सके। गांजा, अफीम या किसी भी ड्रग्स की सप्लाई रोकने का काम पुलिस का है लेकिन अगर मांग तेज होती है तो तस्कर भी इसके खपाने के लिए हर तरह का प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि सप्लाई रोकने के लिए पुलिस तो अपना काम कर ही रही है लेकिन इसके साथ ही जरुरी है कि समाज में इसकी मांग भी कम हो। यदि इसे पुलिस की समस्या मानकर छोड़ देंगे तो आने वाले समय में भारी नुकसान होगा। पहले इस प्रदेश के रास्तों का उपयोग गांजा परिवहन के लिए किया जाता था लेकिन अब इसकी खपत बढ़ी है और इससे समाज पर विपरीत असर पड़ेगा। बच्चों, युवा पीढ़ी को नशे से दलदल से बचाने के लिए समाज के हर तबके में जागरूकता अभियन चलाए जाने की जरूरत है। इसके पूर्व आईजी ने रेंज के एसपी व अन्य राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपराध के पर्यवेक्षण व थाना स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर, जशपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह, एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर रमनलाल, कोरिया एसपी रवि कुर्रे, एमसीबी एसपी श्रीमती रत्ना सिंह सहित सभी जिलों के एएसपी, डीएसपी मौजूद थे।




अधिकारियों से चर्चा करते डीजीपी अरूण देव गौतम।

### आईजी करेंगे कार्यों की समीक्षा

डीजीपी अरुण देव गौतम ने बताया कि रूरल डिवीजन में दूर दूर तक गांव का विस्तृत क्षेत्र है और वहां कई बार पुलिस की नजर नहीं पहुंच पाती है। इस सम्बन्ध में पुराने व्यावहारिक पुलिसंग के पुराने टूल्स पर चर्चा की गई। इसमें कुछ कमी भी पाई गई है। विशेष रूप से डीएसपी काडर का थाना स्तर पर बारीक पर्यवेक्षण होना चाहिए, अपने इलाके की उसको जानकारी होनी चाहिए। इसके बारे और अधिक सुधर करने के लिए कहा गया है। एसपी को निरीक्षण व क्षेत्र का भ्रमण करना, गांव की जानकारी रखना, कम्युनिटी से संवाद रखने के निर्देश दिए गए है। इसकी नियमित समीक्षा करने के लिए आईजी को कह गया है कि एसडीओपी के कार्यों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करे। इससे उम्मीद है कि थाना स्तर की कार्यप्रणाली में आने वाले समय में बेहतर सुधार होगा।

#### पारदर्शी तरीके से होगी पुलिस भर्ती

पुलिस विभाग में निचले स्तर पर लगातार मिलने वाली शिकायतों व पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर डीजीपी श्री गौतम ने कहा कि आरक्षक पुलिस विभाग की रीढ़ है और अगर उनका प्रवेश विभाग में गलत तरीके से होगा तो उससे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वह बहुत अच्छा काम करेगा। जिसका प्रवेश भ्रष्टाचार या किसी गैर वैधानिक तरीके से होगा वो अपने सेवा काल में बेहतर काम नहीं कर सकता इसलिए मेरी मान्यता हमेशा से रही है कि पुलिस की भर्ती साफ सुथरी और पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। आने वाले समय में बहुत से पुलिस के पद भरे जाने है और मेरी पूरी कोशिश होगी कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार ना हो और निष्पक्ष भर्ती की जाए।



## कार-बाइक की टक्कर के बाद लगी आग, तीन युवक झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- तेज रफ्तार बनी जानलेवा, जलती बाइक से निकाले गए घायल

प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना से क्षेत्र सनसनी फैल गई। घाट पेंडारी के नीचे 11 नंबर के समीप रात्रि लगभग 10 बजे कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में अचानक आग लग गई जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पलढा निवासी मनीष आ. रघुनंदन (28 वर्ष), भारत आ. स्वाधीन (20 वर्ष) व अनिल आ. गोरेलाल (19 वर्ष) एक ही बाइक में सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक की तेल टंकी में घर्षण से तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते बाइक आग की लपटों में घिर गई। आग की तेज लपटों ने बाइक सवार युवकों को भी अपनी चपेट में ले लिया। तीनों युवक बुरी तरह झुलस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना दर्दनाक था लोग घटना को देख दहशत में आ गए। कुछ समय के लिए तो यह आशंका भी जताई जाने लगी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है और घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल मदद के लिए आगे आते हुए एंबुलेंस को सूचना दी। लेकिन स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने घायलों को देर न करते हुए पिकअप के माध्यम से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर पहुंचाया। अस्पताल में बीएमओ डॉ. अजीत दीवान सहित चिकित्सकों की टीम तत्काल सक्रिय हो गई और घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। लेकिन तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और वे जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। इधर हादसे के बाद बाइक पूरी ⏭ शेष पेज 4 पर

# आरोपी की हुई पहचान, तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एसएसपी ने बनाई चार पुलिस टीम

सद्भावना चौक के समीप फ्रेश फिश कंपनी के झाला में महिला की खून से सनी लाश मिलने के मामले में पुलिस की जांच जारी है। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कोतवाली थाना, साइबर सेल समेत चार विशेष पुलिस टीम का गठन किया है। इस बीच पुलिस ने मृतिका और आरोपी की पहचान करने में सफलता हासिल कर ली है। पुलिस ने मृतिका की लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द किया इसके साथ ही घटना स्थल पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज व लोगों से की गई पूछताछ के बाद और भी जानकारी सामने आई है। जिस व्यक्ति के साथ महिला जाते हुए नजर आई है उसकी पहचान पांडा उर्फ मिथुन के रूप में की गई है। घटना पश्चात संदेही द्वारा अन्य एक अन्य घूमन्तु महिला से तम्बाकू मांग कर खाने की बात सामने आई है। पुलिस फिलहाल संदेही की तलाश में जुटी हुई है।



संदेही युवक।

### निर्मम अपराध सरकार की नाकामी का ऐलान : सिंहदेव



महिला की बेरहमी से हत्या के मामले में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर आज रो रहा है और हर संवेदनशील आंख शर्म से झुकी हुई है। हमारी अंबिकापुर की एक बेटी के साथ दुष्कर्म और उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। ये हैवानियत दिल्ली के निर्भया कांड की तरह दिल दहला देने वाली है। क्रोध भी है, पीड़ा भी है, और एक गहरा सवाल भी कि क्या हमारी बेटियाँ अब सड़कों पर भी सुरक्षित नहीं। यह निर्मम अपराध इस सरकार की नाकामी का खुला ऐलान है। जब शहर का सबसे व्यस्त इलाका भी सुरक्षित नहीं, तो यह सरकार आखिर किस बात का शासन चला रही है। यह सरकार नाकाम है। न कानून का डर, न व्यवस्था की पकड़, अपराधी खुलेआम दरिंदगी कर रहे हैं और सत्ता सिर्फ तमाशा देख रही है। हमारी अंबिकापुर की बेटी के साथ जो हुआ है, उस पीड़ा को बयां नहीं किया जा सकता। लेकिन यह तय है कि इसे भुलाया नहीं जाएगा, इसे दबाया नहीं जाएगा। व्यक्तिगत राय में ऐसे जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मांग साफ है कि आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी हो, फास्ट ट्रैक सुनवाई हो कर ऐसी सख्त कनूनी सजा दी जाए जो मिसाल बने। न्याय में देरी अब बर्दाश्त नहीं होगी, यह हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है।

## नरकालो बांध में जाल में फंसा मिला बालक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

नरकालो बाँध में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मछली पकड़ने के लिए डाले गए जाल में एक 8 वर्षीय बालक का शव फंसा मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मांझा धवईटिकरा निवासी जमादार सारथी का पुत्र आकाश सारथी (8 वर्ष) शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह पापा में घर जा रहा है। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। इसी दौरान कुछ लोग बांध में मछली पकड़ रहे थे। जब उन्होंने जाल बाहर निकाला तो उसमें एक बालक का शव फंसा हुआ मिला। जाल में बालक को शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। आशंका जताई जा रही है कि बालक बांध में स्नान करने गया तभी जाल में फंस गया जिससे पानी में डूबने से बालक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



## अमानवीय घटना के बीच मानवता की मिसाल, अनोखी सोच संस्था ने किया मृत महिला का अंतिम संस्कार

**अम्बिकापुर।** शहर में घटी एक अत्यंत दर्दनाक एवं अमानवीय घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। विदित है कि गंगापुर भुईयापाडरा 45 वर्षीय महिला मृतिका के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई, जिससे पूरे समाज में गहरा आक्रोश एवं शोक व्याप्त है। इस हृदय विदारक घटना के बीच मानवता और संवेदनशीलता की एक प्रेरणादायक मिसाल भी सामने आई है। मृतिका के परिवार में केवल उसका एकमात्र पुत्र ही है। परिवार में अन्य किसी सदस्य के अभाव के कारण उनका अंतिम संस्कार कर पाना संभव नहीं हो पा रहा था। आर्थिक, सामाजिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के चलते परिजन अत्यंत असहाय स्थिति में थे। इसी दौरान जब मृतिका के पुत्र को यह जानकारी मिली कि अनोखी सोच संस्था ऐसे जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के अंतिम संस्कार में सहयोग प्रदान करती है, तो उसने तत्काल संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू से संपर्क किया। सूचना प्राप्त होते ही संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने संवेदनशीलता एवं तत्परता दिखाते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। इसके उपरांत संस्था के सदस्यों द्वारा गंगापुर स्थित मुक्तिधाम में मृतिका का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान, धार्मिक परंपराओं एवं सम्मान के साथ संपन्न कराया गया। संस्था के सदस्यों ने न केवल अंतिम संस्कार की समस्त व्यवस्था की, बल्कि शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में मानसिक एवं सामाजिक संबल भी प्रदान किया। इस दौरान संस्था के सदस्य पंकज चौधरी, संजु चटर्जी, मोती ताम्रकार, सुनील साहू, चंद्रप्रताप सिंह, बिट्टू मिश्रा, अजय ताम्रकार, निशांत जायसवाल, लाला साहू, बनाफ़र केरकेट्टा, सत्यम साहू, विकाश साहू, नितेश, गजानंद, ननकू मुंडा, मिथलेश, मनोज अग्रवाल, नीरज साहू, अजय साहू, सौरभ दास, भोला रक्सेल एवं अन्य मौजूद थे।



एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
06 अप्रैल 2026 (सोमवार) को अंबिकापुर में
छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.एस. मोहंती
MD, DM (Cardiology)
स्थान:- लाइफ लाइन हॉस्पिटल गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
दिनांक 06.04.2026 (सोमवार), सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, RAILWAY से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-
7354882583/9755534404
Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in

## खबर संक्षेप

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर का सम्मान




**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत 28 मार्च को 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों की सूची जारी की गई। 2 अप्रैल को सम्मान किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों में अनुशासन, समयपालन एवं नियमित अध्ययन की आदत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस पहल को विशेष रूप से सराहा गया। जारी सूची के अनुसार कक्षा तीसरी एकलव्य से आद्रिति सिंह एवं वैदिक तिवारी,निष्ठा मैत्रा ने पूरे सत्र में नियमित उपस्थिति दर्ज कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी प्रकार कक्षा चौथी एकलव्य से वेदिका तिवारी एवं अश्विका वार्ष्णेय तथा कक्षा सातवीं एकलव्य से त्रिवेणी पाकिरा ने भी 100 प्रतिशत उपस्थिति प्राप्त कर अपनी लगन, अनुशासन एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इन विद्यार्थियों की निरंतर उपस्थिति न केवल उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायक रही, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने नशा मुक्ति केन्द्र का किया शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नगर निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 28 में 15 बेड के अत्याधुनिक नशा मुक्ति केन्द्र का शुभारंभ किया गया। समाज कल्याण विभाग के प्रयासों से स्थापित यह केन्द्र नशा पीड़ित व्यक्तियों के उपचार, काउंसलिंग और पुर्नवास के लिए समर्पित रहेगा। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार है, बल्कि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम भी है। इस कार्यक्रम में छग शासन के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग), चिरमिरी महापौर रामनरेश राय, समाज कल्याण विभाग के संचालक प्रभाकर कुमार द्विवेदी, उप संचालक अंजना बैग तथा नशा मुक्ति केन्द्र चिरमिरी के अधीक्षक अंकित खटीक सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि और जनप्रतिनिधियों के द्वारा छग महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

### पानी के लिए परेशान हो रहे निवासरत परिवार, नपा से पहल की मांग

# बैकुंठपुर के एमएलए नगर में पेयजल की समस्या गहराई


एमएलए नगर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

नगर पालिका क्षेत्र के एमएलए नगर में गर्मी की तेवर तेज होने के साथ ही कॉलोनी के लोगों को पेयजल किल्लत से प्रतिदिन परेशान होना पड़ रहा है। एमएलए नगर में गर्मी के शुरूआत में ही पेयजल संकट की समस्या चालू वर्ष की कोई नई नहीं है, बल्कि एमएलए नगर में बीते कुछ सालों से गर्मी के शुरूआत के साथ ही पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार एमएलए नगर के शांति वाटिका क्षेत्र में बीते दो दिनों से नपा के पेयजल सप्लाई पूरी तरह से बाधित होने से कालोनी में रहने वाले परिवारों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ा। कालोनी के लोगों का कहना है कि नपा को इसकी सूचना दी गई है, लेकिन नपा इस गंभीर समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, इसके चलते कालोनी के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर के एमएलए नगर में प्रतिवर्ष गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही कॉलोनीवासियों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस समस्या के ठोस समाधान की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया, इसके चलते लोगों को प्रतिवर्ष गर्मी की शुरूआत में ही पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है।

### लो प्रेशर की सप्लाई भी प्रमुख कारण

शहर के एमएलए नगर में पेयजल संकट का एक प्रमुख कारणों में एक पेयजल सप्लाई की लो प्रेशर की समस्या भी है, इसके चलते कॉलोनी तक पहुंचने वाली पाईप लाईन में अधिक प्रेशर नहीं रहता, इसके चलते कॉलोनी के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है साथ ही उपरी मंजिल के लोगों को भी सप्लाई वाला पेयजल नहीं मिल पाता। एमएलए नगर के निवासियों को पेयजल सप्लाई के लिए उचित व्यवस्था करने की जरूरत है, ताकि यहां रहने वाले प्रत्येक परिवारों को पर्याप्त पेयजल प्रतिदिन उपलब्ध हो सके।

# सूने घर में तड़पती मिली नवजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

■ रोने की आवाज ने बचाई जिंदगी



रात के सन्नाटे में जब गांव में एक सूने पड़े मकान से एक मासूम बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी तो पहले तो लोगों को यकीन ही नहीं हुआ, लेकिन जब पास जाकर देखा तो किसी ने बड़ी बेरहमी के साथ एक नवजात बालिका को उस सुनसान मकान में उसके हाल पर मरने के लिए छोड़ दिया था। यह गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिल गई और फिलहाल बालिका का उपचार जारी है।

छग प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर-सोनहत के अंतर्गत जनपद पंचायत भरतपुर के च्यूल गांव में सामने आई इस घटना ने मानवता को झंकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात महिला ने सुनसान घर को अपना ठिकाना बनाकर बच्चे को जन्म दिया और फिर लोकलाज या किसी डर के चलते उसे वहीं छोड़कर फरार हो गई। मासूम की रोने की आवाज ही उसकी जिंदगी की उम्मीद बन गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घर के अंदर जाकर देखा तो नवजात बच्ची अकेली पड़ी मिली। ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए उसे तुरंत बाहर निकाला और सुरक्षित किया। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ और आरएचओ एनएम मौके पर पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज शुरू किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बच्ची फिलहाल स्वस्थ है और उसकी लगातार देखरेख की जा रही है। बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए बाद में उसे सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ रिफर किया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इस घटना ने पूरे इलाके में भावनात्मक माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने इस अमानवीय कृत्य पर दुख जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उस महिला की पहचान कर उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक गंभीर






**बैकुंठपुर।** बीती रात्रि शहर के मुख्य मार्ग पर टीव्हीएस शो रूम के निकट एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में जहां कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार में सवार लोग घायल हो गए। इनमें एक गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि में शहर के भट्ठीपारा मुख्य मार्ग पर टीव्हीएस शो रूम के पास बैकुंठपुर से मनेन्द्रगढ़ की ओर जा रही कार क्रं. यूपी 64 एडब्लू 0923 तेज रफ्तार से सड़क किनारे बडे आम के पेड़ से सीधे टकरा गया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि आवाज सुनकर आस पास के लोग घर के बाहर निकल आए। इस दुर्घटना में कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना पश्चात आस-पास के लोगों ने मदद की। कार सवार घायलों को अस्पताल भेजवाया। जानकारी के अनुसार भट्ठीपारा में घटित दुर्घटना के बाद लोगों ने 108 को कॉल किया तो वह भी जरूरत के समय मौके पर नहीं आया। कॉल करने पर कंट्रोल रूम से बोला गया कि आपके एरिया में अभी नहीं आ सकता व्यस्त है।

### सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में विविध कार्यक्रम

**सोनगरा।** शक्तिनगर श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती केअवसर पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक रंगों से सजा भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान अखंड रामचरितमानस पाठ, अभिषेक एवं विशेष पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि 8 बजे से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की। प्रसिद्ध गीत एवं ग़ज़ल गायिका गायत्री पांडे ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देशभर से आए ख्यातिलब्ध कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। राष्ट्रीय मंच संचालक नरेंद्र मिश्र ने अपनी गीत-ग़ज़लों से समां बांधा, वहीं अशोक शर्मा ने ग़ज़लों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अपनी सुंदरता बिखेर रहा सूरजमुखी...


**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पहाड़पारा में एक किसान के खेत में सूरजमुखी की सुनहरी आभा बिखरी हुई है, जिन्हें देखकर ऐसा लगता मानो किसान के खेत में मुस्कुरा रहे सूरजमुखी के फूल।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में 4 अप्रैल को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्साहपूर्ण घोषित किया गया।

इस अवसर पर नर्सरी से लेकर नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को उनका परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की भारी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में शिवपुर चरचा नगर पालिका के उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल, पार्षद श्रीमती रामकली पाल एवं पार्षद कुंडल सायं शामिल रहे। विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान एवं प्राचार्य शशिभूषण राय के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह की विशेष आकर्षण यह रही की नर्सरी से 11वीं तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मैडल एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### कनहर नदी में जहरीला पदार्थ डालने से मछलियों की मौत

**रामानुजगंज।** नगर को पानी आपूर्ति करने वाले जीवन दायनी कनहर नदी में कथित रूप से जहरीला पदार्थ डाले जाने का मामला सामने आया है। जहरीले पदार्थ के कारण नदी के एनीकट में मौजूद बड़ी संख्या में मछलियां मर गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। नगर पालिका प्रबंधन की ओर से इसकी शिकायत पुलिस से भी की गई है लेकिन अब तक पानी में जहरीला पदार्थ डालने वालों का पता नहीं चल सका है। बता दे कि नगरवासियों को पानी की आपूर्ति कनहर नदी से की जाती है। क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से पानी सप्लाई देने के उद्देश्य से ही इस नदी पर एनीकट का निर्माण कराया गया है ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के किल्ल्त से जूझना नहीं पड़े। इसके साथ ही इस एनीकट में बड़ी संख्या में मछलियां मौजूद है। बताया जा रहा है कि नियमित रूप से पानी सप्लाई करने वाले कनहर नदी में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ डाल दिया गया है। इस बात का खुलासा एनीकट क्षेत्र में मौजूद मछलियों की मौत से हुआ। शुक्रवार सुबह एनीकट क्षेत्र में मृत मछलियों का ढेर देखा गया।

# जरूरी वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा




जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता आयोजित की गई।

पत्रकारवार्ता में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 195 रूपए की बढ़ोतरी कर दिया, इसके पहले तीन महीने में कमर्शियल गैस के दाम में 525 रूपए की बढ़ोतरी हुई थी। पिछले हफ्ते ही मोदी सरकार ने घरेलू गैस के दाम में 62 रूपए की बढ़ोतरी कर दिया। सरकार ने खूब वाहवाही लिया कि पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज कम कर दिया भाजपा नेता इसको सरकार की बड़ी राहत प्रचारित कर रहे थे, लेकिन आज ही पेट्रोल के दाम में 1 रूपए से अधिक की बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में हुई है। नायरा के पेट्रोल पंप में तो यह बढ़ोतरी 4 रूपए की है। एवीएशन के पेट्रोल में भी बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे हवाई यात्रा भी महंगी हो गई। खाद्य तेल, मावा, राशन सामग्री सभी के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। दूध के दाम भी बढ़ गए। आम आदमी के किचन का बजट मोदी सरकार ने बढ़ा दिया है। खाद्य तेल को 70 रूपए प्रति लीटर तक पहुंचने में 70 साल लग गए थे, लेकिन मोदी राज के चंद दिनों में ही 200 पार हो गया। घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपाइयों को 400 रूपए में महंगा लगाता था, उसे 900-1000 तक पहुंचा दिए, कर्मिशियल गैस सिलेंडर के दाम आज से 1580 से बढ़कर 1691 हो गया है। भाजपा सरकारों को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आम आदमी का जीवन स्तर दिनों दिन खराब हुआ है, सारी राहत और रियायत केवल भाजपाइयों के पूंजीपति मित्रों के लिए है, देश के संसाधन, सार्वजनिक उपक्रम उन्हीं पर लुटाए जा रहे हैं, आम जनता इस महंगाई में परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहा है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व में पूर्ववर्ती यूपीए की सरकार ने मनरेगा के नाम से रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रावधान किया था, जिसे मोदी सरकार ने महज योजना में परिवर्तित कर गरीबों का रोजगार का हक छीन लिया है, आम जनता की कमाई लगातार घट रही है, देश के संसाधनों पर मोदी के पूंजीपति मित्रों का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है, देश में आर्थिक असमानता सरकार की गलत नीतियों की वजह से ही बढ़ रहा है। बेलगाम महंगाई से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। महंगाई आम जनता के लिए भाजपा निर्मित आपदा बन चुकी है, रेलवे की टिकट से लेकर स्कूल, कॉलेजों की फीस तक सब कुछ कई गुना बढ़ चुका है। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, गणेश राजवाड़े, दीपक गुप्ता, सौरभ गुप्ता सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में एरोबिक्स का आयोजन



बैकुण्ठपुर। पुलिस लाइन परिसर में महिलाओं, बच्चियों, बच्चों एवं आम नागरिकों के लिए एरोबिक्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सभी वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देना एवं पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी को कम करना रहा। इस आयोजन में लगभग 250 से 300 बच्चों एवं महिलाओं ने हिस्सा लेकर एरोबिक्स का आनंद उठाया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी को स्वस्थ एवं फिट रहने का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के दिशा-निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में पीटीआई संजू एवं लालता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया डॉ. सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पुलिस द्वारा इस प्रकार के आयोजन आमजन को फिट रहने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने क्रीड़ा विभाग से आए सरगुजा ओलंपिक के प्रतीक चिन्ह के साथ पीटी कर खूब आनंद लिया।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 अप्रैल 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### जल संरक्षण और रोजगार सृजन अवसरों की दी गई जानकारी

**राजपुर**। कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड अंतर्गत मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत ग्राम पंचायत धंधापुर में जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज एवं आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के समन्वय से नवा तरिया आय के जरिया अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को नवा तरिया के माध्यम से आय अर्जन के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। चौपाल में लोगो को बताया गया कि समूह आधारित गतिविधियों को अपनाकर ग्रामीण परिवार अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दौरान जनपद सीईओ श्री संजय कुमार दुबे, जिला एपीओ संजय यादव, कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, तकनीकी सहायक आशुतोष सहित एनआरएलएम टीम एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेज की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। टीम द्वारा नवा तरिया निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करते हुए आगामी मई माह तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए सामुदायिक सहभागिता से स्थायी विकास सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य विद्युत नंदी किये गये सम्मानित



**बिश्रामपुर**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी के प्राचार्य विद्युत नंदी के सेवानिवृत्त होने पर उनके शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया,बताया गया कि श्री नंदी ने 31 दिसंबर 1986 को अपनी शैक्षणिक सेवा की शुरुआत की थी और लगभग चार दशकों तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए,अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,वे पिछले 7 वर्षों से हायर सेकेंडरी स्कूल करंजी में प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदस्थ थे,उनके नेतृत्व, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण ने विद्यालय को नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर प्रतापपुर, रामानुजनगर, ओड़गी एवं प्रेमनगर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नू सिंह धुर्वे, डी.एस लकड़ा, प्रदीप सिंह एवं प्रताप पैकरा विशेष रूप से उपस्थित रहे, इसके अलावा शासकीय कन्या उमा विद्यालय के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, पीएम श्री सेजेस रामानुजनगर के प्राचार्य पीसीसोनी, नावापारा के प्राचार्य शम्भू निषाद, वरिष्ठ व्याख्याता अमर जैन तथा संकुल समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय सहित जिले के अनेक प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी ने श्री नंदी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

## निधन



### हृदयानंद दुबे

**अम्बिकापुर**। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार हृदयानन्द दुबे का गुरुवार की रात वाराणसी में निधन हो गया।वे 85 वर्ष के थे तथा हृदयाघात आने के कारण पिछले एक पखवाड़े से अस्वस्थ थे।उपचार के दौरान वाराणसी में उन्होंने अंतिम सांसें ली। उनका अंतिम संस्कार यूपी अंतर्गत बलिया जिला स्थित उनके गृहग्राम किसुनीपुर में शनिवार को किया गया।वे को - ऑपरेटिव बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक स्वामी नाथ दुबे एवं सर्वानंद दुबे के ज्येष्ठ भ्राता थे।वे अपने पीछे पत्नी,दो पुत्रों एवं एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए गए गए हैं।

### तीन लाख का 14 किलो गांजा किया जब्त

# रायगढ़ एवं जशपुर जिले के दो गांजा सप्लायर को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- आरोपी लंबे समय से कर रहे थे गांजा सप्लाई

नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने रायगढ़ एवं जशपुर जिले के दो गांजा सप्लायर को राधापुर बैरियर के पास धर दबोचा। टीम ने दोनों आरोपियों के पास से तीन लाख कीमत की 14 किलो गांजा जब्त किया जबकि तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र में गश्त कर रहे टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि जिला रायगढ़ एवं जशपुर के सप्लायर लोग थाना सीतापुर अंतर्गत राधापुर बेरियर के आस-पास भारी मात्रा में गांजा की सप्लाई करने वाले हैं। सूचना पर टीम ने बैरियर के समीप घेराबंदी कर रखे थे। इसी बीच बाइक क्रमांक सीती 13 बीबी 9565 व एक अन्य बाइक में पांच लोग आते नजर आए। इधर आबकारी उड़नदस्ता की टीम देर शाम से ही सिविल ड्रेस में राधापुर बैरियर के आस-पास घेराबंदी कर निगरानी रखी हुई थी। लगभग रात्रि लगभग 9 बजे दो बाइक में 5 लोग राधापुर बैरियर से बनेया रोड में सुनसान जगह पर जाकर खड़े हुए। आबकारी उड़नदस्ता की टीम चारों तरफ से आगे बढ़ी तो अचानक सभी बाइक सवार भागने लगे। अंधेरा का फायदा उठाकर तीन लोग भाग निकले जबकि दो लोगों को टीम ने पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम टीकेश्वर यादव निवासी लैलूंगा रायगढ़ तथा खिलेश्वर यादव निवासी राजाआमा जशपुर बताया। साथ ही फरार लोगों के संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि दीनू यादव, किशोर पैकरा एवं प्रदीप यादव जो राजाआमा थाना बागबहार के रहने वाले है। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने दोनों के बैग में तीन लाख कीमत की 7-7 पैकेट 14 किलो गांजा जब्त किया। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारूराम, अशोक सोनी तथा नगर सैनिक रणविजय सिंह, महिला सैनिक चंद्रावती एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।



जब्त गांजा के साथ आरोपी।

#### बॉर्डर का उठाते थे फायदा

जशपुर एवं रायगढ़ जिला गांजा की तस्करी के लिए जाना जाता है। दोनों जिला का बॉर्डर ओडिशा राज्य से लगा हुआ है जबकि ओडिशा राज्य में गांजा की खेती बड़ी संख्या में करते है। रायगढ़ और जशपुर जिले के कुछ लोग इसी बॉर्डर का फायदा उठाकर गांजे का कारोबार धड़ल्ले से करते हैं।। उड़ीसा में गांजा बहुत सस्ता है उसी सस्ते गांजे को तस्कर छत्तीसगढ़ में महंगे दाम में बेचकर काफी मुनाफा कमाते हैं।

#### नशीले इंजेक्शन के दो विक्रेता गिरफ्तार

संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन के दो विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 76 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 2 अप्रैल को गश्त के दौरान अजिरमा बुधवारी बाजार पानी टंकी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर रोकने का प्रयास किया गया तो वह भागने लगा उसे दौड़ा कर पकड़ा गया। पूछने पर उसने अपना नाम पूरनम विश्वकर्मा निवासी कटकोना पटना बताया। परंतु वह किराए के मकान में काली घाट के पास रहता है। टीम ने उसके पास रखे झाले से 44 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। इसी प्रकार 3 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर आराधना नामक लड़की जेल तालाब दर्रीपारा के पास खुलेआम इंजेक्शन बेच रही है उसे घेराबंदी कर पकड़ा। उसके पास से पॉलीथीन में 32 नग इंजेक्शन जब्त किया। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।



#### फरार आरोपियों की तलाश जारी

गांजा तस्करी कर रहे दो सप्लायर को पकड़ा गया है। दोनों के पास से तीन लाख कीमत के 14 किलो गांजा जब्त किया गया है। मामले में तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। जशपुर और रायगढ़ ओडिशा राज्य से लगा है जिसका फायदा तस्कर उठाते है। नशे के कारोबारियों की धरपकड़ लगातार जारी रहेगा।

-रंजीत गुप्ता, सहायक जिला आबकारी अधिकारी



## एयर मार्शल बाल कृष्णन मणिकांतन ने किया सैनिक स्कूल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कैडेटों से कहा- जीवन में मिलने वाले अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए

शनिवार को भारतीय वायु सेना के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सेन्ट्रल एयर कमांड सेवा मेडल से सम्मानित एयर मार्शल बाल कृष्णन मणिकांतन ने सैनिक स्कूल का दौरा किया। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने दरिमा स्थित एयरपोर्ट व स्कूल परिसर में एयर मार्शल बाल कृष्णन मणिकांतन का का स्वागत किया। एयर मार्शल के दौरे की शुरुआत विक्रम बत्रा ब्लॉक में अधिकारियों, जेसीओ, एनसीओ के परिचय से हुई। इसके बाद कैडेट्स ने एयर मार्शल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने सेंट्रल एट्रियम में कैडेटों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने नेतृत्व, समर्पण और सशस्त्र बलों में ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ करियर बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर है और कैडेटों को इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। दौरे का मुख्य आकर्षण होमी भाभा कम्पोजिट साइंस लैब का उद्घाटन था जो कैडेटों के बीच वैज्ञानिक सोच और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने पर स्कूल के फोकस को रेखांकित करता है। एयर मार्शल ने एसएसबी ग्राउंड, कैंपस का दौरा किया जहां उन्होंने कैडेटों के लिए उपलब्ध बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण सुविधाओं की सराहना की। कार्यक्रम में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती और कर्मचारियों के साथ बातचीत शामिल थी।

## बकाया कर वसूली को लेकर नगर पंचायत हुआ सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- समय पर कर नही पटाने वाले उपभोक्ताओं के काटे जायेंगे नल कनेक्शन

सालों से बकाया कर पटाने में लापरवाही बरतने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नगर पंचायत ने सख्त रुख अख्तियार किया है। नगर पंचायत ने वर्षों से जल, समेकित कर की बकाया राशि नही पटाने वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर वसूली अभियान छेड़ दिया है। इस अभियान के दौरान आनाकानी करने वाले बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका नल कनेक्शन काटा जा रहा है ताकि वो अपना बकाया राशि जमा कर सके। गौरतलब है कि नगर में रहने वाले लोगों को पेयजल, साफ सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बदले में नगर पंचायत द्वारा प्रत्येक माह कर के रूप में निर्धारित राशि ली जाती है। इस राशि से नगर पंचायत नगर पंचायत अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वेतन देती है लेकिन नगर के उपभोक्ताओं द्वारा समय पर कर की राशि नही पटाने से नगर पंचायत की व्यवस्था प्रभावित गई है। जिसे देखते हुए नगर पंचायत ने बकायादारों की सूची तैयार कर वसूली अभियान छेड़ दिया है। नगर पंचायत द्वारा गठित टीम घर घर जाकर बकायादारों से कर की बकाया राशि वसूल रही है। वसूली के दौरान कर नही पटाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के तौर पर उनके घर का नल कनेक्शन काटा जा रहा है ताकि वो इससे सबक लेते हुए समय पर अपना बकाया राशि नगर पंचायत में पटा सकें। नगर पंचायत द्वारा इस सख्ती का उद्देश्य शत प्रतिशत बकाया कर राशि की वसूली एवं व्यवस्था को पटरी पर लाना है।

इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कई नगरवासियों द्वारा सालों से नगर पंचायत का कर नही पटाया गया है। जिसकी वजह से नगर पंचायत को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बकायादारों को असुविधा से बचना है तो वो समय पर अपना बकाया कर पटा दे ताकि नगर की व्यवस्था एवं रखरखाव व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

### ग्राम मितगई में बूथ एवं पंचायत कमेटी का गठन

**रामानुजगंज**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गांव चलो अभियान के तहत जिला प्रभारी शफी अहमद, जिला अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मधु गुप्ता के अगुवाई मे आरागाही मंडल अंतर्गत ग्राम मितगई मे बूथ एवं पंचायत कमेटी का गठन अतिथियों के समक्ष किया गया। सर्वसम्मति से मितगई बूथ क्रमांक 166 में लक्ष्मण मराबी, बुथ क्रमांक 167 में हीरालाल राम, बूथ क्रमांक 168 में जगदेव अगरिया एवं पंचायत कमेटी मितगई अध्यक्ष के रूप में समल सिंह को चुना गया। इस दौरान अजय सोनी, अरुण अग्रवाल, अशोक जायसवाल, व्यासमुनी यादव, प्रमोद गोस्वामी, अरविंद दुबे, मुमताज अंसारी, कौशल जायसवाल, सनोज दास, प्रेम सागर सिंह, नीरज गुप्ता, मज़रुल अंसारी, अनिल गुप्ता, बुद्धदेव पोया, प्रतीक सिंह, अशोक गोंड, अजय गुप्ता, चंदेश्वर कुशवाहा, नौशाद आलम, बंशीधर सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## 12वीं बोर्ड की हिंदी पुनर्परीक्षा अब 10 अप्रैल को

**बिश्रामपुर**। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं हिंदी विषय की पुनर्परीक्षा को लेकर इस बार कड़ी सख्ती बरतने का निर्णय लिया है,पूर्व में प्रश्न पत्र लीक की आशंका के चलते निरस्त की गई परीक्षा अब 10 अप्रैल को नए सुरक्षा प्रबंधों के साथ आयोजित की जाएगी। इसी संबंध में शनिवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई,बैठक में मास्टर ट्रेनर एवं प्राचार्य पी.सी.सोनी तथा वरिष्ठ व्याख्याता ओमप्रकाश राजवाड़े ने पीपीटी के माध्यम से परीक्षा संचालन और प्रश्न पत्र वितरण की नई प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी है।

**प्रश्न पत्रों के बंडल में वन टाइम लॉक सिस्टम हूआ लागू**-नई व्यवस्था के तहत इस बार प्रश्न पत्रों के बंडल में वन टाइम लॉक सिस्टम लागू किया गया है,प्रत्येक केंद्र के लिए अलग यूनिक कोड होगा,जिसे केवल कलेक्टर द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी की उपस्थिति में ही खोला जा सकेगा,प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में रखने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

**प्रश्न पत्रों की पैकिंग बोरी की जगह कार्टूनों में, वितरण में भी किया गया बदलाव**- प्रश्न पत्रों को अब बोरी के बजाय कार्टून (डिब्बों) में पैक कर भेजा जाएगा। समन्वय केंद्र पर कार्टून खोलने के बाद केंद्राध्यक्ष लिफाफों की गिनती करेंगे और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाएगी।प्रश्न पत्रों को सम्बंधित थाने में सुरक्षित रखा जाएगा और वहां से परीक्षा केंद्र तक केवल केंद्राध्यक्ष या सहायक केंद्राध्यक्ष ही ले जा सकेंगे,इस दौरान सुरक्षा गार्ड भी उपलब्ध कराया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी केंद्राध्यक्ष बोर्ड के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा पहले 14 मार्च को आयोजित हुई थी, लेकिन पेपर लीक की खबर के बाद उसे निरस्त कर दिया गया था,अब कड़ी निगरानी और नई व्यवस्था के साथ परीक्षा दोबारा कराई जा रही है। बैठक में जिले के सभी 70 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओवरब्रिज पर आज से आवगमन होगा शुरू रेल फाटक स्थाई रूप से होगा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर दतिमा समीप रेलवे द्वारा निर्मित रोड ओवरब्रिज को आमजन के लिए खोल दिया गया है,इसके साथ ही कुमदा स्थित समपार रेल फाटक को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिश्रामपुर-करंजी स्टेशनों के बीच किलोमीटर 1016/04-05 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या एबी-69 (कुमदा रेल फाटक) के स्थान पर सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। अब इसके चालू होने के बाद यह वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग में आएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, यह रेल फाटक 5 अप्रैल,रविवार दोपहर 3 बजे से सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा, ओवरब्रिज के शुरू होने से क्षेत्र में यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम होने की उम्मीद है।रेलवे विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए नए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।



### विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश सदस्य नियुक्त होने पर संजीव का किया गया स्वागत

**लखनपुर**। भाजपा छत्तीसगढ़ विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश सदस्य नियुक्त होने पर अधिवक्ता संजीव कुमार सेठ का लखनपुर तहसील के समीप स्थित कार्यालय में तहसील के अधिवक्ता, स्टॉप वेंडर, मुख्तार व टाइपिस्ट ने फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया। नवनियुक्त विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य संजीव कुमार सेठ ने कहा अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे सरगुजा के प्रतिनिधित्व का प्रदेश सदस्य के रूप में अवसर मिला है। इस दौरान अधिवक्ता लखन सिंह, देवदत्त सोनी, मुकेश कुमार राजवाड़े, सुरेंद्र राजवाड़े, स्टांप वेंडर सत्यदेव दास महंत, टाइपिस्ट व अधिवक्ता लिपिक दिव्या दास महंत, ऐश्वर्या राजवाड़े, रामलाल महंत, धनसु राजवाड़े, खिलेश्वर राजवाड़े, नीरज गुप्ता, ताराचंद दास, प्रकाश राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।



# नगर में निकाली गई वीर हनुमान की भव्य शोभा यात्रा

**राजपुर**। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम बरियों क्षेत्र में प्रभु श्रीराम और वीर हनुमान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पंचमुखी हनुमान पुलिस चौकी बरियों से मां चंद्रघंटा मंदिर बघिमा तक विशाल जनसमूह के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र जय श्रीराम एवं बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा में बलरामपुर, सरगुजा और सूरजपुर से आए लगभग दस प्रसिद्ध डीजे आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही देहरादून से आई विशाल झांकी में वीर हनुमान, भगवान शंकर और मां काली की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आल्हाड नृत्य के साथ-साथ पारंपरिक सुगा नृत्य, करमा नृत्य तथा जशपुरिया डाक बाजा की प्रस्तुति को भी लोगों ने खूब सराहा। धमाल बैंड की धुन पर युवा, महिलाएं और बच्चे झूमते नजर आए। कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ सामरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक उद्देश्वरी पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल तथा जिला उपाध्यक्ष कमला प्रसाद सिंह की उपस्थिति भी रही। जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता की सराहना की। मां चंद्रघंटा सेवा समिति एवं बघिमा के ग्रामवासियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई।



**न्यायलय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग.**

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत आ.खोलू निवासी कंचनपुर थाना अम्बिकापुर तहसील ने कराया है कि आवेदक के अपने बहन (स्व.ढोलो) आ.खोलू की दिनांक 25/05/2011 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**

**न्यायलय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग.**

**:: ईश्तहार ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंत आ.स्व.खोलू निवासी कंचनपुर थाना अम्बिकापुर तहसील ने कराया है कि आवेदक के अपने माता (स्व.गेदली) पति स्व.खोलू की दिनांक 01/01/2010 को स्थान निवास में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-/ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित कुमार गर्ग आ.सुरेश अग्रवाल व अन्य निवासी एम.जी.रोड रावत रेसीडेंसी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम भगवानपुरकला स्थित भूमि खसरा नंबर 233/15 रकबा 0.014 हे. एवं उस पर निर्मित मकान को अनावेदक सुमन लता पत्नी सत्यनारायण गुप्ता निवासी ग्राम दर्रीपारा तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 46,90,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22.04.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः- 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**न्यायालय श्रीमान कु.प्रांजली नेताम प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो.नं.-105/2026
सिविल-387/2023
आगामी पेशी तिथि-06/05/2026

मोहरलाल
...../वादी/आवेदक
प्रति
जगन वगै. ...../प्रतिवादी/अनावेदक

**नोटिस/ईश्तहार**

बनामः-
1. दिनेश आ.केन्दू आयु 36 वर्ष
2. राहुल आ.केंदू आयु 34 वर्ष
दोनों निवास-ग्राम कोसगा मसरीबहरा घुईभावना पो.- लखनपुर थाना व तह.लखनपुर जिला-सरगुजा छ.ग.

आपको नोटिस/इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदक द्वारा आपके के विरूद्ध सिविल क्रमांक -387/2023 पक्षकारः- मोहरलाल प्रति जगन वगै.न्यायालय-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला – सरगुजा (छ.ग.) के समक्ष वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादी को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु अनावेदक को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त अनावेदक को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/ईश्तेहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः आपको इस नोटिस/इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-06/05/2026 को न्यायलयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दिशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(कु.प्रांजलि नेताम)**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय – डी.एस.बघेल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**- ईश्तहार-**

प्रोसेसे नम्बर - 88/26
उ.प्र.क्र.- 27/2018
पेशी तिथि-08/04/2026

1. सहोद्री पत्नि स्व. रामसाय, उम्र लगभग 48 वर्ष।
2. कामेश्वर आ. स्व. रामसाय, उम्र लगभग 07 वर्ष।
3. आयुष आ. स्व. रामसाय, उम्र लगभग 05 वर्ष।
क्र० 2 व 3 अवस्य द्वारा बली संरक्षिका माता सहोद्री पत्नि स्व. रामसाय, उम्र लगभग 48 वर्ष सभी जाति गोड़, निवासी ग्राम सड़क दफाई हल्दी बाड़ी, चिरमिरी पोस्ट चिरमिरी, थाना चिरमिरी, जिला कोरिया (छ.ग.) हाल मुकाम ग्राम रामानुजनगर थाना व तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.)

-------आवेदिकागण

**-:प्रतिः-**

1. ननकी बाई पत्नि स्व. रामसाय उम्र लगभग 50 वर्ष, जाति गोड निवासी ग्राम रामानुजनगर, थाना व तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
2. प्रबंधक साऊथ ईस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड एन.सी.पी.एच कॉलरी हल्दी बाड़ी चिरमिरी, पोस्ट हल्दीबाडी, जिला कोरिया (छ.ग.)
3. शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शा. चिरमिरी कालरी, पोस्ट चिरमिरी, जिला कोरिया (छ.ग.)
4. उप डाकपाल सहायक पोस्ट मास्टर हल्दी बाड़ी चिरमिरी पोस्ट हल्दीबाड़ी, जिला कोरिया (छ.ग.)
5. आम जनता।
6. रिजनल कमीश्नर कोल माईन्स प्रोविडेन्सफण्ड सीपत रोड़ बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

-------

अनावेदकगण

**ईश्तहार**

इस ईश्तहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण क्र.-01 के पति एवं क्र.-02, 03 के पिता तथा अनावेदक क्र.-1 के पति स्व.रामसाय आ.आनंद राम एन.सी.पी.एच. हल्दीबाड़ी चिरमिरी कालरी में न्यू एरिया के सीम-5 में क्लीपर के पद पर कार्यरत थे जिनकी मृत्यु दिनांक 07.05.2015 को हो चुका है। स्व.रामसाय आ.आनंद राम की मृत्यु के पश्चात उसके उत्तराधिकारी, आवेदिकागण क्र.-1 से 3 एवं अनावेदक क्र.-1 है, जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा.उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये है। स्व.रामसाय आ.आनंद राम की मृत्यु के पश्चात मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि, ग्रेज्युटी, नौकरी के दौरान मृत्यु पर उपदान राशि देय क्लेम, बकाया वेतन का भुगतान, पेंशन का भुगतान, बीमा, अनुकम्पा नियुक्ति हेतु स्व.रामसाय के आश्रित आवेदिकागण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। इस प्रकार स्व.रामसाय आ.आनंद राम, जाति गोड़ निवासी ग्राम सड़क दफाई हल्दी बाड़ी, चिरमिरी पोस्ट व थाना चिरमिरी, जिला कोरिया (छ.ग.) भा.पु.रामानुजनगर थाना व तह.रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) की मृत्यु के उपरांत प्रथम उत्तराधिकारी माना आवेदिकागण ही है। यदि कोई व्यक्ति कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते है तो मय कैफियत के साथ पेशी दिनांक 08.04.2026 को दिन के ठीक 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो।

अतः आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं हाते है तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

**(डी.एस. बघेल)**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

## कोल उत्पादन वृद्धि के लिए बेहतर कार्य करने वालों का किया गया सम्मान

# आशीर्वाद इलेवन की टीम ने जीता दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन एवं कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट लीग का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ,एकता स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में अधिकारी-कर्मचारी जेसीसी एवं ठेका कंपनियों सहित कुल आठ टीमों ने भाग लिया।

**खास बात**

- ऑफिसर्स क्लब में महाप्रबंधक समेत अन्य अधिकारियों ने केक काटकर हासिल उपलब्धियों पर खुशी साझा की



केटकाट कर जश्न मनाते अधिकारी।

दो दिन चले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए आशीर्वाद इलेवन ने फाइनल में जेसीसी इलेवन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया,फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जीएम ऑपरेशन जी.के. रॉय ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया,समापन समारोह में डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरा,जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। इस अवसर पर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि लंबे समय बाद बिश्रामपुर क्षेत्र ने साढ़े 25 लाख टन से अधिक कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है,इसी खुशी में अधिकारी-कर्मचारियों, स्टेकहोल्डर्स एवं श्रम प्रतिनिधियों के बीच सद्भावना क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया,उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया है और चालू वित्त वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 40.50 लाख टन उत्पादन को हासिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा,उन्होंने इसके लिए उपस्थित जनों का हाथ उठा कर समर्थन भी मांगा। देर शाम ऑफिसर्स क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं ठेका कंपनी के कर्मचारियों को मोमेंटो भेंट कर उनके कार्यों की सराहना कर सम्मानित किया गया,यहां पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इसके बाद महाप्रबंधक समेत अन्य अधिकारीयों ने केक काटकर खुशियां साझा की तथा रंगारंग आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, जीएम ऑपरेशन के अलावा सब एरिया मैनेजर ओम प्रकाश अटल, प्रशांत शर्मा,विजय कुमार,प्रबंधक मानव संसाधन एसकेपी शिंदे,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जेसीसी,वेलफेयर एवं सेफ्टी बोर्ड के सदस्य,विभिन्न खदानो के मैनेजर, ठेका कंपनियों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे,कार्यक्रम का संचालन अमन कश्यप ने किया,आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण ,हरेंद्र तिवारी, वीसी चतुर्वेदी, राहुल आनंद,जयशंकर यादव,संजय भाईलाल एवं अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## ट्रक की टक्कर से गंभीर कार सवार की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** एल्मुनिया रिफाइनरी कंपनी से ड्यूटी कर शहर लौट रहे कार सवार एजीएम को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए कार सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रायपुर अंतर्गत एकता चौक लक्ष्मीनगर टिकरापारा निवासी राजेश मिश्रा आ. शिव प्रसाद मिश्रा (45 वर्ष) लुण्ड्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला स्थित एल्मुनिया रिफाइनरी कंपनी में एजीएम के पद पर पदस्थ थे। हर रोज की भांति शुक्रवार की शाम कंपनी से ड्यूटी कर अपनी क्रेटा कार से शहर आ रहे थे। जैसे ही लुचकी घाट काली मंदिर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वाहन का सामने वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं सवार राजेश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच पत्नी सरस्वती ने फोन किया तो पति ने बताया कि उसका एक्सीडेंट हो गया है और जल्दी आने की बात कही। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे दो युवको ने कार में गंभीर हालत में पड़े राजेश मिश्रा को किसी तार बाहर निकाला और दूसरे कार से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।










## बिश्रामपुर -भटगांव रोड पर अधजली हालत में मिली नाबालिग युवती

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में शनिवार की सुबह एक युवती अधजली हालत में सड़क किनारे पड़ी मिली। सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से झुलसी युवती को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया,चिकित्सकों के अनुसार युवती 90 प्रतिशत से अधिक झुलस चुकी है।

- नाजुक हालत में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे फोन के माध्यम से सूचना मिली कि रामनगर पासंग नाला के पास आरटीआई कॉलोनी की तरफ एक युवती गंभीर हालत में पड़ी है,मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे अस्पताल पहुंचाया,उस समय युवती बोलने की स्थिति में नहीं थी,लेकिन उसने किसी तरह दो मोबाइल नंबर पुलिस को दिए,पुलिस ने नंबर पर संपर्क किया तो भूपेंद्र सिंह नामक युवक सामने आया, जिसे अस्पताल बुलाया गया,उसके आधार पर युवती की पहचान ग्राम गोरखनाथपुर निवासी के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने बताया कि युवती उससे मिलने आई थी और दोनों के बीच मोबाइल को लेकर कुछ विवाद हुआ था।प्रारम्भिक पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि युवती ने रास्ते में एक दुकान से पेट्रोल खरीदा था,हालांकि घटना के कारणों को लेकर स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है,पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर यह भी आशंका जताई जा रही है कि दोनों के बीच आपसी विवाद के चलते घटना हुई हो सकती है, लेकिन पुलिस का कहना है कि युवती के बयान के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। दस्तावेजों के आधार पर युवती के नाबालिग होने की बात भी सामने आई है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पेज 1 के शेष...

### कार-बाइक की टक्कर के बाद...

तरह जलकर खाक हो गई। वहीं कार चालक घटना के बाद मौके से फरार होने का प्रयास कर रहा था, जिसे ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि कार बैढ़न क्षेत्र की है। घटना की सूचना मिलते ही रेवटी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस भीषण हादसे के कारण मार्ग पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहार कराया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

**हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना**




प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

